पंजाब केसरी 27-11-2025

# संविधान हमारे अधिकारों की सुरक्षा के साथ ही हमें आदर्श नागरिक बनने की दिशा भी दिखाता है : डॉ. रोहित दत्त

## ■ गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज ने संविधान दिवस पर किया भव्य जागरूकता रैली का आयोजन



गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में संविधान दिवस पर जागरूकता रैली को रवाना करने से पूर्व, विद्यार्थियों को संबोधित करते प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 26 नवम्बर (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में राजनीति विज्ञान विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना, मतदाता साक्षरता क्लब, सामान्य प्रशासन विभाग एवं एंटी ड्रग क्लब के सहयोग से एक विस्तृत व्याख्यान एवं भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

रैली का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य के कार्यालय से किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, एन.एस.एस. स्वयंसेवकों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने संविधान की प्रस्तावना को स्मरण करते हुए समाज को लोकतांत्रिक मूल्यों एवं कर्त्तव्यों के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने रैली को हरी झंडी दिखाते हुए संविधान की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतंत्र की नींव संविधान है, जो न केवल हमारे अधिकारों की सुरक्षा करता है, बल्कि हमें एक आदर्श नागरिक बनने की दिशा भी दिखाता है।

डॉ. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में लोकतांत्रिक मर्यादा, पारदर्शिता, अनुशासन और नागरिक कर्त्तव्यों का निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ पालन करें। उन्होंने यह भी कहा कि युवा पीढ़ी यदि संवैधानिक मूल्यों को व्यवहार में उतारेगी, तो समाज अधिक जागरूक, संगठित और प्रगतिशील वन सकेगी। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारतीय संविधान के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा विद्यार्थियों में नागरिक उत्तरदायित्व, समानता और लोकतांत्रिक आदर्शों जैसे संवैधानिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता को प्रोत्साहित करना था।

कॉलेज में पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन के सह प्राध्यापक डॉ. कृष्ण कांत पूनिया ने विद्यार्थियों को संविधान में वर्णित मौलिक अधिकारों और कर्त्तव्यों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि अधिकारों के साथ कर्त्तव्यों का पालन करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। डॉ. पूनिया ने पर्यावरण संरक्षण, सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा और राष्ट्रीय एकता जैसे प्रमुख कर्त्तव्यों पर जोर देते हुए विद्यार्थियों से इन मूल्यों को व्यवहार में अपनाने का आह्वान किया। अंत में, प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने रैली के सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों, सहयोगी संस्थाओं, शिक्षकों एवं स्वयंसेवकों को बधाई दी।

इस अवसर पर, राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक एवं रैली संयोजक डॉ. राकेश कुमार, एन.एस.एस. इकाई एवं मतदाता साक्षरता क्लब के सह-संयोजक डॉ. राकेश, डॉ. चन्द्रपाल पूनिया, डॉ. पिंकी गुप्ता, प्रो. गीती बिन्द्रा, प्रो. श्याम रहेजा, प्रो. हर्षिता लाम्बा, डॉ. सरोज लोहान, प्रो. प्रियंकाए तथा जनसंचार विभाग के सहायक प्राध्यापक राजिन्दर मीरवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।